भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1662**

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2026 को दिया जाना है।

7 श्रावण, 1948 (शक)

## कोल्हापुर में आईटी पार्क की स्थापना

**1662. श्री शाहू शहाजी छत्रपतीः**

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मैकेनिकल, सिविल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस सहित विभिन्न विषयों के इंजीनियरिंग स्नातकों की बड़ी संख्या के साथ कोल्हापुर के दक्षिणी महाराष्ट्र में टियर-2 आईटी हब के रूप में विकसित होने की अपार क्षमता है;
(ख) यदि हां, तो क्या उपलब्ध एमआईडीसी भूमि, कम परिचालन लागत और मौजूदा रेल, राजमार्ग एवं विमानपत्तन की कनेक्टिविटी का लाभ उठाते हुए कोल्हापुर में एक आईटी पार्क स्वीकृत करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है या विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) जीएसटी छूट, बिजली शुल्क रियायतों और कर छूटों सहित केंद्र सरकार के आईटी/आईटीईएस संवर्धन ढांचे के तहत उपलब्ध प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है जिन्हें कोल्हापुर में अपना परिचालन स्थापित करने वाली कंपनियों को प्रदान किया जा सकता है; और
(घ) सरकार द्वारा आईटी अवसंरचना विकास के माध्यम से स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित करके कोल्हापुर जैसे टियर-2 शहरों से कुशल इंजीनियरिंग प्रतिभाओं के महानगरों में होने वाले पलायन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)** से **(घ):** भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विस्तार का समर्थन करने के लिए कई पहलें और कार्यक्रम शुरू किए हैं और पूरे देश में इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) इस प्रयास में एक ऐसी महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने पुणे, मुंबई, नागपुर, नासिक, कोल्हापुर और छत्रपति संभाजी नगर में स्थित महाराष्ट्र में 6 केंद्रों सहित देश भर में 73 केंद्र स्थापित किए हैं।

एसटीपीआई केंद्र इनक्यूबेशन सेवाएं, हाई स्पीड डेटा संचार सेवाएं, क्लाउड सेवाएं और अन्य वैधानिक सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं ताकि नवीन विचारों वाले उद्यमी एसटीपीआई की मदद से अपने स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इन्क्यूबेशन सुविधा वेंचर कैपिटलिस्टों (वीसी), आईआईटी/एनआईटी/उद्योग के सलाहकारों और नेटवर्किंग के अवसर जैसे निवेशकों के साथ बैठक करने का अवसर प्रदान करती है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) योजना का विवरण https://stpi.in/stp-scheme पर उपलब्ध है।

एसटीपीआई कोल्हापुर को लगभग 6,600 वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र में स्थापित किया गया है, जिसमें पूरी तरह से सुसज्जित 62 प्लग एंड प्ले इनक्यूबेशन सीटें, सम्मेलन कक्ष, बैठक कक्ष, नेटवर्क संचालन केंद्र (एनओसी) आदि हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, कोल्हापुर केंद्र में 7 पंजीकृत एसटीपीआई इकाइयों द्वारा ₹241.49 करोड़ (अनुमानित) का आईटी निर्यात दर्ज किया गया था।

इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य सरकार मौजूदा राज्य सूचना प्रौद्योगिकी नीति के अंतर्गत कर छूट और विद्युत टैरिफ रियायत सहित वित्तीय और गैर-वित्तीय लाभों के रूप में विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करती है। महाराष्ट्र सरकार के अनुसार, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) ने 2003 में कोल्हापुर शहर में 160 हेक्टेयर में एक आईटी पार्क विकसित किया है, जहां तीन नामित भूखंड सक्रिय आईटी उद्यमों के साथ पूरी तरह से प्रचालनरत हैं और कोल्हापुर में लगभग 9,000 लोगों को रोजगार देने वाली 372 आईटी/आईटीईएस इकाइयां स्थित हैं।

******